E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 01 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (कटिहार)–09 / 2021 ....4076..... पटना, दिनांक 17/07/2025

आदेश

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न तिथियों में निर्गत नियोजन–सह–पदस्थापन आदेश से विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को नियोजित करते हुए विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित किया गया है।

नियोजित संविदा अमीनों का कानूनगो के पद पर चयन होने के फलस्वरूप उनके द्वारा समर्पित त्याग पत्र की सूचना बन्दोबस्त पदाधिकारी, कटिहार द्वारा विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया गया है।

प्राप्त त्याग पत्र के समीक्षोपरान्त निम्न तालिका के स्तम्भ संख्या–02 में अंकित संविदा अमीनों का त्याग पत्र स्तम्भ संख्या–07 में अंकित तिथि से स्वीकृत किया जाता है :–

क्र0 सं0	कर्मी का नाम	आई0 डी0	संविदा पदनाम	पदस्थापित बन्दो0 कार्या0 का नाम	बन्दो0 कार्या0 का पत्रांक / दिनांक	त्याग पत्र की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	श्री मो0 इलताफ अली	AEN03001	वि0सर्वे0अमीन	कटिहार	886 / 06.06.2025	02.06.2025
2	श्री गोविंदा कुमार मांझी	AEN04091				02.06.2025

2. उपरोक्त संविदा अमीनों का त्याग पत्र इस शर्त्त के साथ स्वीकृत किया जा रहा है कि उच्चतर / समकक्ष पद पर आवंटित जिला में योगदान स्वीकृति के उपरान्त यदि उनका पूर्व धारित पद पर कार्य लंबित है, तो उक्त परिस्थिति में उन्हें पूर्व धारित पद का लंबित कार्य भी निष्पादन करना होगा। इस कार्य हेतु आवश्यकतानुसार इन्हें R2R सॉफ्टवेयर में लॉग इन आई0डी0 की सुविधा दी जायेगी।

3. उच्चतर पद पर योगदान के उपरान्त प्रत्येक माह इनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी एवं कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में संविदा समाप्त कर दी जायेगी।

4. विशेष सर्वेक्षण कार्य लंबित रहने के दृष्टिगत निदेशालय स्तर से पूर्व से निर्गत मानदेय कटौती संबंधी आदेश का बन्दोबस्त पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन करेंगे एवं अनुपस्थित अवधि का किसी भी परिस्थिति में मानदेय भुगतान नहीं किया जायेगा।

5. त्याग पत्र की स्वीकृति विश्वविद्यालय / संस्थान से प्राप्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन प्रतिवेदन से आच्छादित होगा। शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

15/7

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (कटिहार)–09 / 2021 ....4076..... दिनांक 17/07/2025

प्रतिलिपि :– बन्दोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बन्दोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/7

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (कटिहार)–09 / 2021 ....4076..... दिनांक 17/07/2025

प्रतिलिपि :– आदेश की स्तम्भ संख्या–02 में अंकित कर्मियों को सूचनार्थ प्रेषित।

15/7

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\JYOTI 2025\Manisha Ji\Order\Director\09-2021 15.07.2025 (Resign) Katihar.Doc

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (कटिहार)—09 / 2021........4076........ दिनांक :—17/07/2025

प्रतिलिपि :— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R के अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

15/7

निदेशक

भू—अभिलेख एवं परिमाप

D:\JYOTI 2025\Manisha Ji\Orders\Director\09-2021 (15.07.2025 (Resign) Katihar.Doc